**संक्षिप्त समाचार**

## तुलसीनगर में गंदा पानी आने पर जलाया विभाग का पुतला

**हल्द्वानी, एजेंसी।** तुलसीनगर वार्ड पांच में कई दिनों से घरों में गंदा पानी आने से नाराज लोगों ने रविवार को पूर्व पार्षद मुन्ना पोखरिया के नेतृत्व में जल संस्थान का पुतला जलाकर नाराजगी जताई। तुलसीनगर पॉलीशीट क्षेत्र में पानी के साथ सीवर आने की शिकायत पर जल संस्थान की टीम रविवार को जांच करने मौके पर पहुंची। शाम तक कई स्थानों पर खुदाई करने के बाद भी लाइन में सीवर का पानी मिश्रित होने के कारणों का पता नहीं लगा। काठगोदाम क्षेत्र के तुलसीनगर स्थित पॉलीशीट क्षेत्र में पेयजल लाइन से गंदा पानी पहुंचने के मामले का जल संस्थान ने रविवार को संज्ञान लिया। मौके पर टीम के साथ जांच करने पहुंचे सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि क्षेत्र में दो पेयजल लाइनों से पानी बांटा जाता है। इसमें पुरानी लाइन गौला से होते हुए कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति करती है जबकि नई लाइन को आस्था विहार के नलकूप से जोड़ा गया। नई लाइन से रात में डेढ़ घंटे आपूर्ति होती है। कहा कि आवश्यकता को देखते हुए नई लाइन से सभी घरों तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। पुरानी लाइन से लोगों को पानी भरने या पीने के लिए मना किया गया है। कहा कि लाइनों की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही गंदा पानी आने की समस्या का कारण पता चल सकेगा। इधर, विभाग के खिलाफ लोगों ने प्रदर्शन किया। कहा कि विभाग की लापरवाही से लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं जिससे सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। पुतला दहन करने वालों में गीता, सुनीता, रेखा आदि रहीं।

## रानीखेत में दिखा श्रीलंका का दुर्लभ पक्षी स्ट्रीक थ्रोटेड कठफोड़वा

**रानीखेत (अल्मोड़ा), एजेंसी।** पर्यटन नगरी रानीखेत में पहली बार स्ट्रीक थ्रोटेड कठफोड़वा नजर आया है। क्षेत्र के खनिया के जंगलों में पक्षी प्रेमियों ने इसे देखा। यहां इसकी मौजूदगी से पक्षी प्रेमियों और विशेषज्ञों में खुशी है। रानीखेत के खनिया में पक्षी प्रेमियों ने स्ट्रीक थ्रोटेड कठफोड़वा की तस्वीर अपने कैमरे में कैद की है। भारतीय उपमहाद्वीप में पाई जाने वाली कठफोड़वा की एक प्रजाति है। पक्षी विशेषज्ञों के मुताबिक यह पक्षी 19 से 21 सेमी लंबा होता है और इसका वजन 83 से 111 ग्राम होता है। यह एक पतला, मध्यम आकार का वुडक्रीपर है जिसकी चोंच लंबी, पतली, मुड़ी हुई होती है। इसका रंग हरा होता है और गले में धारी होती है। यह आम तौर पर दक्षिण भारत के सूखे जंगलों के साथ ही बांग्लादेश, श्रीलंका में पाया जाता है। यह पक्षी चींटियों, दीमकों और अन्य छोटे कीड़ों के साथ ही फूलों का रस और बीज भी भोजन में लेता है । यह अक्सर जमीन पर चारा खोजता है। स्ट्रीक थ्रोटेड कठफोड़वा पेड़ों में छेद कर घोंसला बनाता है। एक प्रजनन काल में यह तीन से पांच अंडे देते हैं। माता-पिता दोनों चूजों को खाना खिलाते हैं।

## पारा चढ़ने के साथ ही आग लगने की घटनाएं बढ़ी

**नैनीताल/गरमपानी, एजेंसी।** गर्मी में पारा चढ़ने के साथ ही जंगल में आग लगने की घटनाएं बढ़ गईं है। जिससे वनाग्नि को काफी नुकसान हो रहा है। रविवार को नलनी कालाढूंगी के पास जंगल में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग व फायर फाइटर्स ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने लोगों को आग लगने पर तत्काल सूचना देने की अपील की है। वहीं बेतालघाट ब्लॉक के सीम गांव से लगे कठैल के जंगल में रविवार शाम आग लग गई। आग से वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचा है। हवा तेज होने से आग पूरे जंगल में फैल गई। स्थानीय लोग भी जंगल में लगी आग को बुझाने में लगे रहे, लेकिन समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। स्थानीय लोगों ने कहा कि बेतालघाट के जंगलों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

## जंगल की आग से कार जली

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** नगर के नजदीक टाटिक के पास जंगल में बीते शनिवार आग लग गई। देर रात जंगल की आग आबादी के नजदीक पहुंच गई। जानकारी के मुताबिक देहरादून निवासी इमरान मंसूरी अपनी कार से टाटिक में रहने वाली अपनी बहन के घर आया। उसने घर के नजदीक गैराज में कार पार्क की। देर रात जंगल की आग गैराज तक पहुंच गई और कार जल गई। रविवार सुबह जब वह अपनी कार के पास पहुंचा तो कार का सिर्फ ढांचा नजर आया।

# बदरी-केदार में पूजा के लिए छह हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने कराई बुकिंग

**बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति( बीकेटीसी) को 1.20 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है**





**देहरादून, एजेंसी।**
बीकेटीसी ने चारधाम यात्रा के दौरान बदरी-केदार धाम में विशेष पूजा के लिए 15 अप्रैल से ऑनलाइन बुकिंग शुरू की थी।

बदरीनाथ-केदारनाथ धाम में विशेष पूजा पाठ कराने के लिए श्रद्धालुओं में काफी उत्साह है। सात दिन में दोनों धाम में 6,981 श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन पूजा बुकिंग कराई है। इससे बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति( बीकेटीसी) को 1.20 करोड़ रुपये की आय प्राप्त हुई है। बीकेटीसी ने चारधाम यात्रा के दौरान बदरी-केदार धाम में विशेष पूजा के लिए 15 अप्रैल से ऑनलाइन बुकिंग शुरू की थी। देश-दुनिया के श्रद्धालु बीकेटीसी की वेबसाइट पर विशेष पूजा के लिए बुकिंग कर सकते हैं। बीकेटीसी ने पूजा के लिए शुल्क दरें तय की है। सात दिन में 6,981 श्रद्धालुओं ने ऑनलाइन पूजा की बुकिंग कराई है। इसमें 4,735 श्रद्धालुओं ने बदरीनाथ धाम और 2,246 श्रद्धालुओं ने केदारनाथ धाम के लिए पूजा बुकिंग की है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने मंदिर समिति में ई-आफिस तथा ऑनलाइन सेवाओं को अपनाने पर जोर दिया है। वेबसाइट समेत पूजा काउंटरों को आधुनिक बनाया गया है। बीकेटीसी मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने बताया, दोनों धामों के लिए ऑनलाइन पूजा बुकिंग से 1.20 करोड़ की राशि मंदिर समिति को प्राप्त हुई है।

बताया, इसमें बदरीनाथ धाम के लिए 82.58 लाख और केदारनाथ धाम के लिए 37.44 लाख की राशि मिली है। बता दें कि पिछले यात्रा वर्ष 2023 में बदरीनाथ धाम में 19,700 लोगों ने पूजा की बुकिंग कराई थी। इसमें मंदिर समिति को 1.55 करोड़ की आमदनी हुई थी, लेकिन इस बार सात दिन में 1.20 करोड़ की राशि ऑनलाइन पूजा बुकिंग से प्राप्त हो चुकी है।

## हरिद्वार में तेजी से चढ़ रहा पारा, पहाड़ों में वर्षा के आसार



**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड के ज्यादातर क्षेत्रों में मौसम शुष्क है और पहाड़ से मैदान तक चटख धूप खिल रही है। खासकर मैदानी क्षेत्रों में तपिश और गर्मी बेहाल कर रही है। हालांकि, ज्यादातर क्षेत्रों में अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है। वहीं, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर जिले में पारा तेजी से चढ़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आज ज्यादातर क्षेत्रों में आंशिक से लेकर घने बादल छाये रह सकते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा के आसार हैं। मैदानी क्षेत्रों में धूप खिली रहने से लेकर तेज हवाएं चलने की आशंका जताई गई है।

प्रदेश में बीते कुछ दिनों से मौसम शुष्क बना हुआ है। ज्यादातर क्षेत्रों में चटख धूप खिलने से पारा भी उछल गया। मैदानी क्षेत्रों में पारा 36 डिग्री सेल्सियस के करीब बना हुआ है। हालांकि, बीते कुछ दिनों में पारे में मामूली गिरावट दर्ज की गई है और ज्यादातर शहरों में न्यूनतम तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है।

मैदानी इलाकों में दिनभर चटख धूप खिलने से चिलचिलाती गर्मी बेहाल कर रही है। हालांकि, आज मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह के अनुसार, पर्वतीय क्षेत्रों में बादल छाये रह सकते हैं।

उत्तरकाशी, चमोली, पिथौरागढ़ और देहरादून में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। आसपास के ज्यादातर क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने के आसार हैं। कहीं-कहीं गरज के साथ आकाशीय बिजली चमकने, ओलावृष्टि व झोंकेदार हवा चलने की आशंका है। इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

## बाबा तरसेम सिंह: फरार हत्यारोपी की तलाश में पंजाब और यूपी में दबिश, सर्बजीत का 25 दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड मामले में फरार चल रहे दूसरे शार्प शूटर सर्बजीत सिंह का 25 दिन बाद भी सुराग नहीं लग सका है। हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस टीमें गठित करने की तैयारी चल रही है। बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड मामले में फरार चल रहे दूसरे शार्प शूटर सर्बजीत सिंह का 25 दिन बाद भी सुराग नहीं लग सका है। हत्यारोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस टीमें गठित करने की तैयारी चल रही है। 28 मार्च 2024 को नानकमत्ता में डेरा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड को अंजाम देने वाले शार्प शूटर, तरनतारन, पंजाब निवासी सर्बजीत सिंह अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। जबकि एक शार्प शूटर अमरजीत हरिद्वार में नौ अप्रैल को पुलिस मुठभेड़ में ढेर हो चुका है। सूत्रों के मुताबिक, फरार शार्प शूटर सर्बजीत सिंह को पकड़ने के लिए कुछ और पुलिस टीमें गठित करने की तैयारी चल रही है। कुछ पुलिस टीमें पंजाब, हरियाणा, दिल्ली व यूपी में दबिश दे रही हैं। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि फरार सर्बजीत सिंह की तलाश में लगातार दबिशें दी जा रही हैं।

## उत्तराखंड के इस ग्राम प्रधान के नाम एक बड़ी उपलब्धि, 27 को नेपाल में मिलेगा सम्मान; अन्य राज्यों में भी होते आए हैं सम्मानित

**डोईवाला, एजेंसी।** रानीपोखरी के ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी को 27 अप्रैल में नेपाल के काठमांडू में सम्मानित किया जाएगा। जिससे संबंधित पत्र नेपाल की संस्था डेमसोल की सीईओ नमिता घिमिरे की ओर से ग्राम प्रधान को मिला है। ग्राम प्रधान को यह सम्मान मिलने की जानकारी होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें शुभकामनाएं दी है। यहां बता दें कि इससे पूर्व भी ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी उत्तराखंड के ऐसे ग्राम प्रधान है जो अन्य राज्यों में भी लगातार सम्मानित होते आए है और राष्ट्रीय कार्यशालाओं में उन्हें विशेष तौर पर बुलाया जाता है। अब नेपाल के काठमांडू में होने जा रहे इस सम्मान समारोह में उन्हें सम्मान मिलना एक बड़ी उपलब्धि है। ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी ने बताया कि प्रौद्योगिकी उत्कृष्ट पुरस्कार 2024 का आयोजन काठमांडू में किया जा रहा है। जिसमें उन्हें सामाजिक क्षेत्र में कार्य करने पर प्रदेश से एकमात्र निमंत्रण मिला है। उन्होंने बताया कि इस तरह का सम्मान मिलने से उनमे एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उन्होंने बताया कि यह पुरस्कार समारोह नेटवर्किंग ज्ञान के आदान-प्रदान और प्रौद्योगिकी व नवाचार से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रयासों की मान्यता के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

## भैंस से टकराई बाइक, पति की मौत, पत्नी गंभीर



**सितारगंज, एजेंसी।** सिडकुल मार्ग पर भैंस से टकराकर बाइक सवार पति-पत्नी घायल हो गए। इसी दौरान घायल दंपती को बचाने की कोशिश में सामने से आ रही कार पलट गई जिसमें कार सवार छह लोग घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक ने बाद में दम तोड़ दिया जबकि उसकी पत्नी और कार सवार बाल आयोग की सदस्य सुमन राय व पांच अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है।

रविवार शाम सिडकुल मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के गांव ढौराडाम निवासी संदीप सिंह (30) पुत्र कुलवंत सिंह पत्नी सीमा के साथ विवाह समारोह में शामिल होने जा रहा था। सिडकुल मार्ग पर उनकी बाइक भैंस से बाइक टकरा गई। हादसे में संदीप और सीमा गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान सामने से आ रही कार चालक ने दोनों घायलों को बचाने की कोशिश की लेकिन वह कार से संतुलन खो बैठा और कार पलट गई जिससे उसमें सवार छह लोग घायल हो गए।

घायल संदीप सिंह को निजी अस्पताल से हायर सेंटर रेफर कर दिया था। देर रात संदीप ने दम तोड़ दिया जबकि सीमा को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सोमवार को संदीप सिंह का अंतिम संस्कार किया गया।

बताया गया कि संदीप परिवार में इकलौता पुत्र था और उसकी एक साल पहले सीमा से शादी हुई थी। वह परचून की दुकान चलाता था। कार में सवार बाल आयोग की सदस्य सुमन राय निवासी सितारगंज, वंदना चौहान निवासी सिसौना, प्रेम चंद्र गुप्ता, आकाश चौबे, बसंत जोशी निवासी सुप्रिया कॉलोनी और कार चालक राजेश राणा निवासी नकुलिया को उप जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को छुट्टी दे दी गई है।

## लावारिस पशुओं को बिनसर में छोड़ने पर दो गांवों की महिलाओं में मारपीट

रानीखेत (अल्मोड़ा), एजेंसी। भतरौंजखान क्षेत्र के लावारिस जानवरों को बिनसर छोड़ने पर दो गांवों की महिलाएं आपस में भिड़ गईं। देखते ही देखते दोनों पक्षों में हाथापाई हो गई। मारपीट में एक गांव की तीन महिलाएं घायल हो गईं। पुलिस ने किसी तरह मामला शांत कराया। क्षेत्र में लंबे समय से लावारिस मवेशी परेशानी का सबब बने हुए हैं। भतरौंजखान क्षेत्र की 25 से अधिक महिलाएं 50 से अधिक लावारिस जानवरों को लेकर छह किमी दूर रीची गांव तक पहुंची। रीची की महिलाओं ने उन्हें रोक लिया। उन्होंने बताया कि वे इन मवेशियों को दनपौ गांव से सौनी बिनसर के जंगल में छोड़ने जा रही हैं ताकि ये फसल बर्बाद न करें। अपने गांव के नजदीकी क्षेत्र में लावारिस जानवरों को छोड़ने की बात सुन रीची की महिलाएं गुस्सा उठीं। इस पर दोनों पक्षों में बहस होने लगी। लावारिस जानवरों को क्षेत्र में छोड़ने की सूचना मिलते ही सौनी, देवलीखेत और डाभर की महिलाएं भी रीची पहुंच गई और दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। स्थानीय लोगों के किसी तरह बीचबचाव के बाद दोनों पक्षों की महिलाएं लावारिस जानवरों को लेकर 15 किमी दूर भतरौंजखान थाने पहुंच गईं। यहां भी गहमागहमी का माहौल रहा। किसी तरह पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत किया। थाने में महिलाओं के बीच विवाद होता रहा और लावारिस जानवर जंगल की तरफ चल दिए।सोनी, देवलीखेत, रींची क्षेत्र की महिलाएं लावारिस मवेशियों को लेकर थाने पहुंच गईं। उनका आरोप था कि भतरौंजखान क्षेत्र की महिलाएं लावारिस मवेशियों को बिनसर जंगल में छोड़ने आई थीं, इसका रीची में विरोध हुआ।

# नगर निगम में दिया था वोट, लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची से नाम गायब

**ऋषिकेश, एजेंसी।**
वार्ड संख्या 12 प्रगति विहार की मतदाता सूची में कई मतदाताओं के नाम गायब हैं। इस सूची में मतदाताओं की संख्या 854 दर्शायी गई हैं। जबकि नगर निगम के चुनाव में वार्ड में मतदाताओं की संख्या करीब 1600 है।

कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने लोकसभा चुनाव की मतदाता सूची में कई मतदाताओं के नाम नहीं होने पर आक्रोश जताया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि नगर निगम चुनाव की मतदाता सूची में शामिल कई मतदाताओं के नाम लोकसभा की सूची से हटा दिए। सूची में अनियमितता होने से प्रगति विहार वार्ड समेत विधानसभा के कई वार्डों के लोग अपने वोट का प्रयोग नहीं कर सके।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसील प्रशासन के माध्यम से डीएम देहरादून को ज्ञापन भेजा है। मतदाता सूची को दुरुस्त कर लापरवाही करने वाले बीएलओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष व प्रगति विहार के निवर्तमान पार्षद राकेश सिंह ने बताया कि वार्ड संख्या 12 प्रगति विहार की मतदाता सूची में कई मतदाताओं के नाम गायब हैं। इस सूची में मतदाताओं की संख्या 854 दर्शायी गई हैं। जबकि नगर निगम के चुनाव में वार्ड में मतदाताओं की संख्या करीब 1600 है। निर्वाचन आयोग के अधीनस्थ कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लोकसभा में कई मतदाता वोट नहीं डाल पाए। आगामी नगर निगम चुनाव में भी मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रह सकते हैं। ऐसे में सूची को दुरुस्त किया जाए। कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार सुशीला नौटियाल के माध्यम से डीएम देहरादून सोनिका को शिकायती पत्र भेजा। मतदाता सूची अपडेट नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।



## पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए घातक है प्लास्टिक

**पंतनगर, एजेंसी।** वरदान समझा जाने वाला प्लास्टिक पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए चुनौती बन गया है। यह जल, मृदा और वायु के साथ मिलकर पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है।

उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद के वैज्ञानिक डॉ. मणिंद्र मोहन ने बताया कि प्लास्टिक के आर्थिक व सामाजिक लाभ सहित कई महत्वपूर्ण उपयोग हैं। लेकिन इसके गंभीर पर्यावरणीय व स्वास्थ्य संबंधित परिणाम देखने को मिल रहे हैं। शोध से पता चला है कि प्लास्टिक के माइक्रो व नैनो पार्टिकल्स सांस व आंत से अवशोषित होकर शरीर के विभिन्न हिस्सों जैसे लीवर, गुर्दा, फेफड़ा, प्लीहा, ब्रेन एवं ब्लड तक पहुंच रहे हैं। एक अध्ययन में नवजात शिशुओं के प्लेसेन्टा में माइक्रो प्लास्टिक के मौजूदगी का पता चला है। एक अध्ययन में बताया गया है कि प्लास्टिक के सूक्ष्मकण यानी नैनो प्लास्टिक मस्तिष्क में प्राकृतिक रूप से पाए जाने वाले एक विशेष प्रोटीन के संपर्क में आकर पार्किंसन रोग के खतरे को बढ़ाता है।

पंतनगर। डॉ. मनिंद्र ने बताया कि प्लास्टिक का सीधा संबंध जलवायु परिवर्तन से भी है। प्लास्टिक तेल और गैस से उत्पन्न होता है। जबकि तेल व गैस दोनों ही जीवाश्म ईंधन हैं। अधिक प्लास्टिक उत्पादन के लिए अधिक जीवाश्म ईंधन का उपयोग पर्यावरण में ग्रीन हाउस गैसों की बढ़ोतरी करता है, जो जलवायु परिवर्तन का कारण बनता है। वैज्ञानिकों का दावा है कि जलवायु परिवर्तन से स्वास्थ्य को नुकसान पहुंच रहा है।

पंतनगर। प्लास्टिक को लेकर तथ्य चौकाने है। प्लास्टिक आसानी से उपलब्ध होने के कारण मानव इसका आदि हो चुका है। दुनियाभर में हर मिनट दस लाख प्लास्टिक की बोतलें खरीदी जाती है, जबकि हर साल दुनिया भर में 400 मिलियन टन से अधिक प्लास्टिक का उत्पादन होता है। इसमें से आधा सिंगल यूज प्लास्टिक होता है। विश्व स्तर पर उत्पादित प्लास्टिक कचरे में से 10 फीसदी से भी कम का ही पुनर्चक्रण किया जा सका है। जबकि लाखों टन प्लास्टिक कचरा पर्यावरण में नष्ट हो जाता है।

# जलापूर्ति ठप रहने से 15 हजार लोग परेशान

**टैंकरों से बुझाई प्यास**




**अल्मोड़ा, एजेंसी।**
गर्मी बढ़ने से जलस्रोत सूखने लगे हैं, इसका असर पेयजल योजनाओं पर पड़ रहा है। जल संस्थान के मुताबिक जिले भर में 450 से अधिक जल स्रोतों का जलस्तर 50 से 60 प्रतिशत तक घट गया है। इन जल स्रोतों से संचालित पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति घट गई है, इससे लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। हवालबाग, लमगड़ा, धौलादेवी विकासखंड के कई गांवों में जलापूर्ति ठप रहने से 15 हजार से अधिक की आबादी परेशान रही। नल सूखे रहे और टैंकरों से उनकी प्यास बुझी।

गर्मी बढ़ने से जल स्रोतों पर पानी कम हो गया है, इससे पेयजल आपूर्ति पटरी से उतर गई है। रविवार को जिले के तोली, मौनी, नगरखान, बल्टा, डीनापानी, गद्योली, डाक बंगला आदि क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप रही। क्षेत्र की 15 हजार से अधिक की आबादी पानी के लिए जूझती रही। नल में जल नहीं टपकने से लोगों को प्राकृतिक जल स्रोतों और हैंडपंप की दौड़ लगानी पड़ी। सूचना के बाद जल संस्थान ने प्रभावित क्षेत्रों में टैंकर, पिकअप, डंपरों से पानी बांटकर लोगों को राहत पहुंचाई। ग्रामीणों ने कहा कि करोड़ों की पेयजल योजनाओं के बाद भी उन्हें इनसे पीने का पानी नसीब नहीं हो रहा है। यह समस्या हर दिन गंभीर होते जा रही है। वहीं जल संस्थान के अधिकारियों ने कहा कि कई योजनाएं निर्माणाधीन हैं तो कई योजनाओं में जलस्तर घटने से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो रही।

## संक्षिप्त खबरें

### जीविका दीदी ने मेंहदी लगाकर मतदान के लिए किया जागरूक



विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड अंतर्गत कल्याणपुर दक्षिण पंचायत के बूथ संख्या 86 पर शत प्रतिशत मतदान में सहयोग के लिए जीविका दीदी को शपथ दिलाया गया। वहीं जीविका दीदी ने रैली निकालकर, रंगोली बनाकर तथा हाथों पर मेहंदी से लिखकर मतदान के लिए मतदाता को जागरूक किया। मौके पर प्रखंड परियोजना प्रबंधक संजीव कुमार पासवान, सामुदायिक समन्वयक गोविंद कुमार, जयमाला कुमारी, शिवधारी कुमार, वीणा देवी सहित पंचायत के कैडर एवं लगभग 6 दर्जन से अधिक जीविका दीदी मौजूद थे।

### आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की प्राथमिकी दर्ज

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के नरहन स्थित सरकारी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर भवन के चाहरदिवारी पर एआईएसएफ का वॉल पेंटिंग पाया गया है। इसको लेकर फ्लाइंग स्क्वाइड टीम (एफएसटी) सह अंचलाधिकारी रंधीर रमण ने स्थानीय थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करवाई है। उन्होंने आम लोकसभा चुनाव 2024 में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने की बातें कही है। कहा है कि पुअनि अरुण कुमार, नरहन के राजस्व कर्मचारी और सरकारी वाहन चालक के साथ क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। तभी 18 अप्रैल को अपराह्न 1.30 बजे यह पाया गया। जो आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला है। थानाध्यक्ष आनंद कश्यप ने बताया कि कांड अंकित कर पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है।

### साढ़े पांच लीटर अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के महमदपुर सकड़ा वार्ड 13 दुर्गा मंदिर के निकट से पुलिस ने रात्रि गश्ती के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए साढ़े पांच लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को हिरासत में लिया है। गिरफ्तार धंधेबाज की पहचान महमदपुर सकड़ा वार्ड 13 निवासी राम औतार दास के पुत्र सुधीर कुमार के रूप में हुआ है। मामले को लेकर सअनि लाल बच्चन प्रसाद के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### मारपीट की घटना में तीन लोग हुए गंभीर रूप से जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पकड़ी डीह गांव में सोमवार की शाम ब्रमहकाली पूजन के दौरान डीजे बजाने के क्रम में बजाने के क्रम में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गया। वहीं मारपीट की धटना में एक पक्ष के लोगों ने चाकू बाजी कर दुसरे पक्ष को चाकू मारकर गंभीर रूप से तीन युवक जख्मी कर दिया। जख्मी युवक की पहचान पकड़ी डीह गांव निवासी राजेंद्र साहनी का पुत्र घनश्याम कुमार एवं राजन साहनी सुरेश साहनी के पुत्र पवन कुमार शामिल है। वहीं पुलिस ने जख्मी लोगों के इलाज के लिए पीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पवन कुमार एवं राजन सहनी को सरदार अस्पताल समस्तीपुर रेफर करने की बात कही। वहीं पुलिस ने बताया कि जख्मी व्यक्ति के द्वारा आवेदन मिलने के बाद आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### 24 घंटे बाद भी फायरिंग की घटना का नहीं हुआ खुलासा

कलयाणपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के वासुदेवपुर पंचायत के गोपालपुर कब्रिस्तान के समीप सोमवार की शाम कल्याणपुर से कलेक्शन कर घर लौट रहे बाईक सवार युवक पर पीछे से बाइक सवार दो बदमाशों ने सुनसान जगह देखकर फायरिंग कर दिया। फायरिंग में बाईक सवार युवक को एक गोली पीठ में लगा। जहां बाईक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस ने जख्मी युवक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां जख्मी युवक को गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया गया। जख्मी व्यक्ति की पहचान भागीरथपुर जुटमिल कॉलोनी निवासी शंकर राय के 35 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार राय के रूप में हुई है। घटना के 24 घंटे बाद भी अब तक पुलिस ने किसी भी बदमाश को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। इस मामले का खुलासा पुलिस ने खुलासा हीं कर पाई है। हालांकि पुलिस अपराधियों के संभावित ठिकानों पर छापामारी किया है। लेकिन पुलिस को सफलता नहीं मिल पाई है। वैसे कल्याणपुर पुलिस का बताना है कि पुलिस फायरिंग की घटना मामले में वैज्ञानिक तकनीकी से अनुसंधान कर रहे हैं। जल्दी इस मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

# बूझे चूल्हे से निकली चिंगारी ने मचायी भारी तबाही

## आग की लपटों ने आस पास के 57 घर को अपने चपेटे में ले किया पूरा खाक

प्रात : किरण संवाददाता



भागलपुर। इन दिनों जिले के कई इलाके में अगलगि की घटना लगातार घटित होने का मामला सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में एक और घटना घटित होने की जानकारी प्राप्त हुई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि बारत की विदाई के बाद बुझा चूल्हे से निकली चिंगारी से लगी आग ने पूरी तबाही मचाई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कहलगांव परिक्षेत्र के शिवनारायणपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत रमजानीपुर गांव इलाके में एक शादी वाले घर में अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग की लपटों ने आसपास के 55 घरों को अपनी चपेट में ले लिया।

आग की लपटें इतनी भयावह थी की देखते ही देखते इसमें करीब दो दर्जन से ज्यादा मवेशी झुलस कर मौत के गाल समा गये है, साथ ही अगलगि की घटना में 70 वर्षीय वृद्ध प्रभादेवी गंभीर रूप से झुलस गई उनका इलाज अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है, जहां से हालत की गम्भीरता को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मायागंज अस्पताल रेफर कर भेजा गया है। वही अगलगि की सूचना पर पहुंची एनटीपीसी के दो दमकल की गाड़ी, राज्य अग्निशमन की दो दमकल व आम के बगीचे की सिंचाई के काम में आने वाले दो टैंकर की मदद से लगभग 2 घंटे तक की कड़ी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है।

वहीं दूसरी ओर जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोलानारायणपुर गांव इलाके में आग लगने से ग्रामीण के दो घर पूरी तरह से जलकर राख हो गया है। वही अगलगि की घटना में ग्रामीण सुशील यादव और उसकी मां नर्मदा देवी के घर जलने की बात सामने आई है। वही घटना को लेकर स्थानीय थाना के थानाध्यक्ष गणेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर दमकल गाड़ी व उनकी टीम को त्वरित मौके पर भेजा गया जहां टीम ने आग बुझाने के क्रम में सुशील यादव की पत्नी आशा देवी मामूली रूप से झुलस गई, वही उसका इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है।

# 15 लाख रंगदारी को लेकर ससुराल गए नेत्र चिकित्सक को गोली मारकर किया घायल

प्रात : किरण संवाददाता



समस्तीपुर। जिले में अपराधियों का कहर बदस्तूर जारी है। कल्याणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एक युवक को गोली मारकर घायल करने के तुरंत बाद अपराधियों ने वैनी थाना क्षेत्र के वैनी में ससुराल गए एक नेत्र चिकित्सक से 15 लाख रुपए की रंगदारी मांगते हुए उसे गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे आनन-फानन में लोगों के द्वारा इलाज के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल नेत्र चिकित्सक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के रविरामपुर निवासी दिनेश कुमार पांडे के पुत्र अमृत राज (35 वर्ष) के रूप में हुई है।

बताया गया कि वह समस्तीपुर शहर के काशीपुर में रहकर अपना क्लीनिक चलाते हैं। सोमवार को वह अपने ससुराल गए हुए थे। जहां शाम को वह अपने ससुराल के बाहर सड़क पर टहल रहे थे। इसी दौरान हथियार से लैस होकर आए तीन की संख्या में अपराधियों ने उनसे 15 लाख रुपए रंगदारी की मांग की और अनाकानी करने पर उनके पैर में गोली मार दिया। जिससे डॉ अमृत राज गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं सदर अस्पताल में प्रतिनियुक्त एसआई पवन कुमार यादव ने बताया कि घायल का इलाज कराया जा रहा है। अभी 15 लाख रुपए रंगदारी मांगने को लेकर गोली मारने की बात बताई जा रही है।

# सदर अस्पताल में संगठनात्मक विकास को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



पिरामल स्कूल ऑफ लीडरशिप के संस्थागत विकास कार्यक्रम की ओर से मंगलवार को सदर अस्पताल में एक दिवसीय संगठनात्मक विकास प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर किया गया। बताया गया कि इस कार्यशाला का लक्ष्य शक्तियों की पहचान करना, मुद्दों को हल करना और रणनीतिक सुधारों की पेशकश करना है, जो समग्र दक्षता और गुणवत्ता में सुधार करने में मदद करेंगे। सदर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ अस्पताल के भीतर विभिन्न कार्यात्मक विभागों की जन-केंद्रित प्रणालियों और प्रक्रियाओं की गहन समझ हासिल करना है ताकि अस्पताल की संगठनात्मक विकास प्रक्रियाओं को मजबूत किया जा सके और मरीजों की संतुष्टि बढ़ाई जा सके, यही इस कार्यशाला का उद्देश्य भी है। रोगी की संतुष्टि को बढाने के लिए सदर अस्पताल विभागों की संगठनात्मक विकास प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए मार्ग तैयार करना ही इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। कार्यशाला में 26 प्रतिभागी शामिल हुए। समस्तीपुर सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. गिरीश ने कार्यशाला की सराहना करते हुए कहा कि पिरामल फाउंडेशन के सहयोग व प्रयासों से अस्पताल की गुणवत्ता व सेवा को सुधारने में मदद मिलेगी। प्रतिभागियों ने इस तरह के कार्यशाला को और करने का आग्रह किया। जिससे की उनकी सकारात्मकता को उर्जा दी जा सके एवं विभागों के कार्यो को और उत्कृष्ट किया जा सके। वहीं पिरामल फाउंडेशन के कार्यक्रम निदेशक आशीष कुमार ने बताया कि सशक्त स्वास्थ्य संस्थाएं ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकती है। स्वस्थ समाज ही एक स्वस्थ राष्ट्र का निर्माण करता है जो एक समृद्ध समाज की नींव रखता है, इस हेतु संस्थागत विकास पर काम करने की आवस्यकता है। मौके पर चिकत्सा पधादिकारी डॉ. आशुतोष कुमार, डॉ. मेराज, डॉ. नागमणि, डॉ. मनीष, डॉ. दीपिका एवं विभिन्न विभागों के कर्मी शामिल हुए एवं सम्बंधित विभागों के द्वारा सुदृढ़ तरीके से प्रदान की जाने वाली स्वस्थ्य सेवाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। जिससे की लोगों का भरोसा सदर अस्पताल पर बढ़ा है। वहीं पिरामल फाउंडेशन टीम से अभय कुमार, अनुराग, अनन्या, चेतन कुमार, चन्द्र प्रकाश, श्रेयश, प्रिया, कुंजिका, एवं विद्या मौजूद रहे।

# पॉक्सो ऐक्ट के तहत दुष्कर्म के मामले में दोषी करार

दरभंगा। दरभंगा जिला के पॉक्सो ऐक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रोतिमा परिहार की अदालत ने अनुसूचित जाति के एक नाबालिग बच्ची के साथ यौन उत्पीड़न करने की जूर्म में अभियुक्त लोहा सिंह लालदेव को दोषी करार दिया है।कोर्ट ने बहेड़ा( अलीनगर ओ पी) कांड सं.92/15 से बने जीआर वाद सं.07/15 के अभियुक्त बहेड़ा थानाक्षेत्र ( अलीनगर ओपी)के टीकापट्टी निवासी रामसेवक लाल देव का पुत्र लोहा सिंह लालदेव को दोषी करार दिया है। स्पेशल पीपी विजय कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति की नाबालिग बच्ची के साथ अभियुक्त ने अपराध किया था ।जिसकी प्राथमिकी 4 मार्च 2015 को दर्ज की गई थी।अदालत ने इसी मामले में मुकदमें का बिचारण पूरी कर मंगलवार को अभियुक्त को भादवि की धारा 341, 354,एससी/एसटी ऐक्ट की धारा 3(1)(11) तथा पॉक्सो ऐक्ट की धारा 12 में दोषी करार दिया है।कोर्ट ने सजा की अवधि निर्धारण पर सूनवाई और निर्णय के लिए 26 अप्रैल की तिथि निर्धारित किया है।

# जिलाधिकारी ने ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था सुदृढ़ करने का दिया निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।गर्मी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए हर घर तक नल का जल उपलब्ध कराने के तहत नलों की मरम्मती एवं ग्रामीण जलापूर्ति की सुगम, सुचारू एवं सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने जिले के सभी 373 पंचायतों में आगामी बुधवार एवं शुक्रवार को नल-जल योजना का सख्ती से जांच कर उसी दिन प्रतिवेदन समर्पित करने का आदेश दिया है। इसके लिए हर पंचायत के लिए टीम का गठन कर लिया गया है। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं प्रखण्डों के वरीय पदाधिकारी को जांच कार्य का प्रभावी मॉनिटरिंग करने का सख्त निर्देश दिया गया है ताकि तपती गर्मी में आम लोगों को अपने घर में ही सुगम रूप में स्वच्छ एवं ताजा जल उपलब्ध हो सके। विदित हो कि नल-जल योजना का हस्तांतरण पी. एच.ई.डी. के हो जाने के उपरान्त इस विभाग के द्वारा ही पंचायतों में लगे नल की मरम्मती का कार्य किया गया है। इस कार्य का सत्यापन सहित नये सिरे से नल-जल की भौतिक स्थिति एवं जल की गुणवता की जांच कर टीम को प्रतिवेदन पंचायत कार्यालय को समर्पित करना है।

उल्लेखनीय है कि प्रभार ग्रहण करते ही नव पदस्थापित जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने 05 फरवरी 2024, 23 फरवरी एवं 05 मार्च को सभी पंचायतों में नल-जल योजना की जांच कराई थी। जांचोपरान्त जिले के 373 पंचायत अन्तर्गत 5015 वार्डो की 5112 योजनाओं की जांच की गयी, जिसमें 447 में मोटर खराब, 106 में बोरिंग फेल, 1650 में पाईप लिकेज, 462 में बिजली कनेक्शन का दोष एवं 412 में स्टार्टर खराब की शिकायत पायी गयी। तदुपरान्त जिलाधिकारी ने आम जनता के लिए अपने घर में ही जल की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु उक्त दोषपूर्ण नल की मरम्मती करने का पी.एच.ई.डी. को सख्त निर्देश दिया, जिसके उपरान्त दोषपूर्ण नल में से 421 नल में मोटर ठीक किया गया, 91 नल में बोरिंग ठीक किया गया, 1510 में पाईप ठीक किया गया, 419 में बिजली कनेक्शन ठीक किया गया तथा 410 में स्टार्टर ठीक किया गया है। जिलाधिकारी ने पी.एच.ई.डी. के मुजफ्फरपुर डिवीजन एवं मोतीपुर डिवीजन के कार्यपालक अभियंता को शत-प्रतिशत नलों की मरम्मती कर ग्रामीण जलापूर्ति की सुगम, सुचारू एवं सुदृढ़ व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

# समाहरणालय की सुरक्षा व्यवस्था में सेंध, शराब के नशे में टल्ली होकर गेट से अंदर दाखिल हो गया प्रस्तावक

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता



लोकसभा चुनाव को लेकर समस्तीपुर पुलिस किस कदर चौकस है, इसकी बानगी सोमवार को मिली, जब समाहरणालय गेट पर चाक-चौबंद व्यवस्था के बावजूद भी शराब के नशे में धुत एक व्यक्ति समाहरणालय के अंदर प्रवेश कर गया और गेट पर सुरक्षा में तैनात पुलिस देखती रह गई। अंदर में जब वह इधर-उधर की बहकी-बहकी बातें करने लगा तो चुनाव कार्य में लगे कर्मियों को शक हुआ और उन्होंने इसकी सूचना अंदर सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को दी। इसके बाद पहुंची नगर थाना पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। बता दें कि सोमवार को उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से नामांकन कराने पहुंचे एक प्रत्याशी के शराब के नशे में धुत एक प्रस्तावक को समाहरणालय से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसे नगर थाना पुलिस अपने साथ लेकर थाना ले गई। जहां जांच में उसके शराब पीने की पुष्टि हुई है। गिरफ्तार प्रस्तावक की पहचान वैशाली जिले के पातेपुर थाना क्षेत्र के मालपुर के स्व. पलटू राय के पुत्र मिथलेश कुमार (36 वर्ष) के रूप में हुई है। शराब के नशे में होने के बावजूद वह गेट से समाहरणालय के अंदर प्रवेश कर गया। बताया गया कि वैशाली जिले के बखरी निवासी चंदेश्वर राय अपने समर्थकों व प्रस्तावकों के साथ उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र से नामांकन करने पहुंचे थे। जहां उनके समर्थकों को समाहरणालय गेट पर तैनात पुलिसकर्मियों ने रोक दिया और उन्हें उनके प्रस्तावकों के साथ अंदर जाने की अनुमति दे दी। बताया गया कि प्रत्याशी रिश्ते में शराब के नशे में धुत प्रस्तावक का बहनोई लगता है। इस संबंध में गिरफ्तार प्रस्तावक ने बताया कि बहनोई के नामांकन करने जाने की खुशी में उसने सोमवार की सुबह पी लिया था। बता दें कि इस घटना ने पुलिस की चौकसी के दावों की कलई खोलकर रख दी है। इस घटना के बाद समाहरणालय के अंदर के कर्मियों की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो गए हैं। बहरहाल अंदर तैनात कर्मियों की सूझबूझ की वजह से नशे में धुत प्रस्तावक पुलिस की गिरफ्त में आ सका। वहीं इस संबंध में नगर थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया कि सूचना के आधार पर नशे में धुत प्रस्तावक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके विरुद्ध मद्य निषेध अधिनियम के उल्लंघन के तहत मामला दर्ज किए जाने की प्रक्रिया की जा रही है।

# मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की स्विप गतिविधि की समीक्षा

मुजफ्फरपुर ।लोक सभा आम निर्वाचन के स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयरहित संपादन सुनश्चित कराने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच॰आर॰ श्रीनिवासन की अध्यक्षता में सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी का विडियो कॉन्फ्रेसिंग द्वारा जिले में स्वीप गतिविधि की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिया गया। मुजफ्फरपुर में जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन स्वीप कोषांग के अधिकारियों की टीम के साथ बैठक में शामिल हुए।

जिलाधिकारी ने स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी चांदनी सिंह को जिले में मतदाता जागरूकता के तहत स्वीप गतिविधियां तेज करने तथा प्रखण्डों के माध्यम से पंचायतों में संचालित गतिविधियों का प्रतिदिन प्रतिवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया। साथ ही समेकित रूप में एक स्वीप प्लान बनाने तथा उसे कार्यान्वित करने का निर्देश दिया है। जिलाधिकारी ने लोकतंत्र का महापर्व के अवसर पर जिलावासियों से 20 मई एवं 25 मई को अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग करने तथा अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करने की अपील की है ताकि जिले का मतदान प्रतिशत बढ़े। साथ ही 40 प्रतिशत से कम मतदान वाले पोलिंग बूथों को टारगेट कर मतदाता जागरूकता का अभियान चलाने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि जिले में 3463 मतदान केन्द्र है। जिले में 33 लाख 84 हजार736 मतदाता हैं, जिसमें 21 हजार 866 सिनियर सिटिजन, 38 हजार199 युवा मतदाता तथ 24 हजार 279 पी.डब्लू.डी. मतदाता हैं। कुल मतदाता में से 17 लाख 87 हजार 869 पुरूष मतदाता, 15 लाख 96 हजार757 महिला मतदाता एवं 110 थर्ड जेण्डर मतदाता है। 3 हजार 815 पेलिंग पाटी का गठन किया गया है।

# ऐपवआ ने प्रधानमंत्री पर लगाया झूठ और नफरत फैलाने का आरोप

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन की महासचिव मीना तिवारी ने राजस्थान के बांसवाड़ा में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए भाषण पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा है कि झूठ बोल कर और नफरत की खेती करके वोट बटोरने की मोदी जी की पुरानी आदत है लेकिन इस बार मुसलमानों के खिलाफ घृणा भड़काने की कोशिश में उन्होंने हद कर दी है। लोकसभा के लिए प्रथम चरण का चुनाव खत्म होने के बाद बौखलाहट में मोदी कह रहे हैं कि कांग्रेस हिंदुओं से संपत्ति छीन कर मुसलमानों को दे देगी और हिंदू औरतों का मंगलसूत्र तक छीन लेगी!

एक इतने बड़े देश का प्रधानमंत्री झूठ और घृणा फैलाने के लिए इस स्तर तक नीचे गिर सकता है, यह कोई सोच भी नहीं सकता। मंगलसूत्र की बात करके वह हिंदू औरतों की भावनाओं को भड़काना चाहते हैं और मुस्लिम औरतों को अधिक बच्चा पैदा करने वाली बता करके उनके प्रति घृणा फैलाना चाहते हैं। शर्मनाक है कि इस झूठ के खिलाफ चुनाव आयोग ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया है।

निष्पक्ष चुनाव के लिए चुनाव आयोग को संवैधानिक अधिकार मिले हुए हैं। आयोग किसी व्यक्ति के प्रति नहीं देश के प्रति जवाबदेह है और चुनाव आचार संहिता को लागू करवाना उसकी जवाबदेही है इसलिए चुनाव आयोग को भाजपा के इस स्टार प्रचारक जो बदकिस्मती से फिलहाल इस देश का प्रधानमंत्री भी है, के चुनाव प्रचार पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। हम सुप्रीम कोर्ट से भी आग्रह करते हैं कि वह प्रधानमंत्री के इस भाषण का तत्काल संज्ञान ले।कांग्रेस का घोषणा पत्र एक लिखित दस्तावेज है और सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है। उस पर भी नरेंद्र मोदी सरासर झूठ बोल रहे हैं! मोदी जानते हैं कि उनके झूठ को सच बता कर तमाम प्रचार माध्यमों से गांव-गांव पहुंचा दिया जाएगा। विपक्ष और महिला अधिकारों के लिए लड़ने वाले महिला संगठनों की आवाज को दबा दिया जाएगा। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। प्रचार माध्यमों का वह जितना इस्तेमाल करें, विगत दस वर्षों के अपने अनुभव से महिलाओं ने समझ लिया है कि मोदी को सत्ता से बाहर करना जरूरी है। इसलिए चुनाव के हर चरण में महिलाओं का वोट भाजपा गठबंधन के खिलाफ जाएगा। समय के साथ देश भर में ह्यइंडियाह्न गठबंधन के पक्ष में महिलाओं की एकजुटता बढ़ती जा रही है। ऐपवा महिलाओं की इस एकजुटता के साथ है।

# अगले 5 दिनों तक बनी रहेगी हीट बेव की स्थिति

मुजफ्फरपुर ।उत्तर बिहार के जिलों में अगले 5दिनों तक प्रचंड गर्मी के साथ हीट बेव की स्थिति बनी रहेगी। इस दौरान अगले दो दिनों तक आसमान में बादल छाए रहने और मौसम शुष्क रहने की सम्भावना है।मौसम सम्बंधी यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा , डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से 24से 28अप्रैल छक्के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी गई है।

मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 39.0 एवं 21.7 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 61 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 30 प्रतिशत, हवा की औसत गति 22.7 कि०मी० प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 8.6 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 7.7 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 25.8 एवं दोपहर में 37.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। पूवार्नुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में अगले दो दिनों तक आसमान में हल्के बादल आ सकते है। हालांकि, पूरे पूवार्नुमानित अवधि में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

# छात्रों को स्वतंत्रता सेनानियों की गाथा से सीख लेना चाहिए : कुलपति

प्रात : किरण



दरभंगा। पूर्व की भांति ही कुँवर सिंह महाविद्यालय के सभागार में बाबू वीर कुंवर सिंह विजय उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो डॉ संजय कुमार चौधरी ने अपने संबोधन में छात्रों को स्वतंत्रता सेनानियों की गाथा से सीख लेकर अपने जीवन में वैसा ही त्याग, राष्ट्र प्रेम की भावना जगाने की बात कही, उन्होंने सभागार में जय हिंद का नारा बुलंद करके सभागार में उपस्थित लोगों में एक अलग ऊर्जा का संचार किया । सेनानी पत्रिका विमोचन के क्रम में पत्रिका की प्रशंसा करते हुए बच्चों के आलेख की अल्पता पर खेद व्यक्त किया ।साथ ही सलाह देते हुए उन्होंने भविष्य में बच्चों के बीच विभिन्न शैक्षणिक प्रतियोगिता का आयोजन कर उत्कृष्ट निबंधों को अधिक संख्या में संकलन कर अगले अंकों में छापने का निर्देश दिया । विशिष्ट वक्ता डॉ संजीव कुमार ने महाविद्यालय की स्थापना एवं उसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महान विभूतियों की विशद चर्चा की। मानविकी संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर ए के बच्चन ने कुंवर सिंह की वीरगति को महान बलिदान बताया। इसी क्रम में सिंडिकेट सदस्य प्रो बैद्यनाथ चौधरी बैजू ने अपने ओज पूर्ण भाषण में बाबू साहेब के 80 वर्षो के होने पर भी अपने राष्ट्र प्रेम दिखा बलिदान देकर अंग्रेजों के दांत खट्टे कर हम सभी का प्रेरणा स्रोत बने इत्यादि अनेक बातें कही ।कार्यक्रम के स्वागत अध्यक्ष प्रधानाचार्य प्रो लक्ष्मण प्रसाद जयसवाल ने आगत अतिथियों को स्वागत किया साथ ही बाबू वीर कुंवर सिंह की मर्दानगी की चर्चा करते हुए उनसे हम सब को सीख लेने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का मंच संचालन हिंदी विभाग की रश्मि शर्मा ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पदाधिकारी, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य एवं महाविद्यालय के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी,अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर, कर्मचारी,महाविद्यालय के संस्थापक स्वर्गीय ब्रह्मानंद सिंह की सुपुत्री डॉ.मधुरिमा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। छात्र-छात्राओं की उपस्थिति भी बहुत ही रंग लाई इस कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर शंभू कांत झा ने किया।

# यह चुनाव देश के विकास को नई बुलंदी पर ले जाने का चुनाव है : नागेंद्र

दरभंगा( आससे)। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन दरभंगा लोकसभा के प्रधान कार्यालय पर आयोजित दरभंगा लोकसभा के भाजपा कार्यकताओं की बैठक में क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र जी, बिहार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह, दरभंगा सांसद सह भाजपा(एनडीए) प्रत्याशी डॉ. गोपाल जी ठाकुर, नगर विधायक संजय सरावगी जी, विधान पार्षद सुनील चौधरी शामिल हुए। बैठक में सभी जिला पदाधिकारी, मोर्चा के अध्यक्ष और जिला पदाधिकारी, प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सह संयोजक, विधानसभा के प्रभारी, सह प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक, दरभंगा लोकसभा के वर्तमान एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, शक्ति केंद्र के प्रमुख एवं प्रभारी मौजूद रहें।

बैठक को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेन्द्र जी ने केन्द्र एवं राज्य की एनडीए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी देते हुए लोगों से जनसंपर्क करने का आवाह्न किया। उन्होंने कहा कि मोदी जी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिनके पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड भी है और आने वाले 25 वर्षों का एजेंडा भी है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव देश के विकास को नई बुलंदी पर ले जाने का चुनाव है।

बिहार भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने कहा कि बूथ जीतों चुनाव जीतों का मंत्र के साथ सभी कार्यकताओं से बूथ स्तर पर मजबूती के साथ कार्य करने का आवाह्न किया ताकि इस चुनाव में जनता का आशीर्वाद ऐतिहासिक रूप से भाजपा को मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने बीते 10 वर्षो में बहुत बड़ा परिवर्तन किया है, देश के आधारभूत विकास के साथ सांस्कृतिक विकास को बढ़ावा दिया है। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष जीवछ सहनी, पूर्व विधायक अमरनाथ गामी, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, आर के चौधरी, अभयानंद झा, अंकुर गुप्ता, आदित्य नारायण मन्ना, ज्योतिकृष्ण झा लवली, मनीष जायसवाल, प्रफुल्ल ठाकुर, प्रेम मिश्रा रिंकू सहित सैकड़ों पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# यूएच स्कूल ने चार स्थानों पर किया पृथ्वी ग्रह का ध्वजारोहण

दरभंगा ।वर्ल्ड नेचुरल डेमोक्रेसी (डब्ल्यूएनडी) के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस पर दरभंगा शहर एवं कमला नदी के क्षेत्र में कई स्थानों पर ऐतिहासिक ध्वजारोहण और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डब्ल्यूएनडी द्वारा बाकर गंज, कचहरी तालाब के घाट पर, गौसा घाट पर पृथ्वी संवाद का आयोजन, शान्ति मिशन एकेडमी खुटवारा मोड़ के स्कूल में ध्वजारोहण, उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुटवारा में ध्वजारोहण। पृथ्वी ध्वजारोहण के उपरान्त यूनेस्को द्वारा स्वीकृत और अभय कुमार द्वारा रचित अर्थ एंथम पर पृथ्वी ग्रह के ध्वज को वहाँ उपस्थित सभी लोगों एवं छात्र-छात्राओं ने सलामी दी और इस बार के विषय ह्यप्लेनेट बनाम प्लास्टिकह्न की गम्भीर समस्या पर शिक्षकों से जानकारी प्राप्त की। डॉ. जावैद अब्दुल्लाह द्वारा ध्वजारोहण किया गया। डॉ. अब्दुल्लाह ने कहा कि इस विषय पर प्रस्ताव प्रधानमंत्री कार्यालय को प्रेषित करने पर कार्य चल रहा है साथ ही विष के अन्य राष्ट्राध्यक्षों के लिये भी। इस अवसर पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुटवारा के प्रधानाध्यापक डॉ. दुर्गानन्द यादव, शंभू कुमार, पिंकी कुमारी, मो. इमरान, शिव साह, शान्ति मिशन एकेडमी खुटवारा के निदेशक आशीष कुमार शर्मा, निशांत शर्मा, इस अवसर पर एमएलएसएम कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य प्रो. विद्यानाथ झा, भारत-नेपाल कमला मैत्री मंच के संयोजक अजीत कुमार मिश्र, तालाब बचाओ अभियान के नारायण जी चौधरी उपस्थित थे।

# सभी को एकजुट होकर बड़ी जीत हासिल करनी होगी : सांसद

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा ।दरभंगा नगर विधान सभा का राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अबकी बार 400 पार के संकल्प के साथ उत्सव विवाह भवन , जीएम रोड दरभंगा में सुभारंभ हुआ ।इस अवसर पर सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि सभी को एकजुट होकर बड़ी जीत हासिल करनी होगी ।उन्होंने कार्यकर्ता को बूथ ने जाकर प्रत्येक मतदाता से संपर्क कर प्रधानमंत्री के नमस्कार को बताकर पार्टी के पक्ष में मत देने का आग्रह करें ।प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का मैं अभिनंदन करता हूं ।भाजपा कार्यकर्ता ,साल के हर दिन चौबीस घंटे देश की सेवा के लिए कुछ न कुछ करता ही रहता है लेकिन अब नई ऊर्जा नया उमंग नया उत्साह नया विश्वास नए जोश के साथ काम कर लक्ष्य को प्राप्त करना है।

नगर विधायक संजय सरावगी ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुदृढ़ एवम दूरदर्शी नेतृत्व एवम भाजपा की नीतियों एवम कार्यकर्म में जनजन के निरंतर बढ़ते विश्वास को दशार्ता है प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में जनता का आपार विश्वास इसी बात से परिलक्षित होता है कि आज लोग मोदी की गारंटी को गारंटी पूरी होने की गारंटी मानते है ।विधान पार्षद सुनील चौधरी ने कहा कि जनता के असीमित उत्साह एवम नया आत्मविश्वास से भरे लोग इस लक्ष्य की ओर मजबूती से चल पड़े है ।देश ने मानो नया सवेरा हुआ है ।लोगो के आंखो में एक विकसित सुदृढ़ एवम उज्ज्वल भारत का स्वप्न है आज जनता का आशीर्वाद भाजपा पर बरस रहा है ।इस महापर्व में मतदान कर लोग विकसित भारत के लक्ष्यों के प्रति स्वयं को पुनः समर्पित कर रहे है।

जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी ने कहा पार्टी पूरी तरह से चुनाव के लिए तैयार है ।कार्यकर्ता से आह्वान किया पूरी ताकत से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में काम करें.इस कार्यक्रम में दिलीप चौधरी, अमरनाथ गामी,अर्जुन सहनी,मनीष जयसवाल,देवेंद्र झा,लक्ष्मण झुनझुनवाला,भरत सहनी,मीना झा ,सपना भारती,अभय झा ,गुलरेज अहम्मद, राजू तिवारी,आदि।

# उपविकास आयुक्त ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

## बेहतर कार्य प्रणाली में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई करने की दी गई चेतावनी

प्रात : किरण संवाददाता




बेतिया( घनश्याम )। मंगलवार को सुबह 7 बजे उप विकास आयुक्त प्रतिभा रानी के द्वारा चनपटिया विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मझौलिया प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बिरवा , डुमरी, नौतन खुर्द, धोकराहा और बैठनिया भानाचक के सभी मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण करते हुए मतदान केंद्रों पर बेहतर सुविधा बहाल करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन को दी। इस दौरान उपविकास आयुक्त द्वारा सभी बीएलओ से तैयारी के बारे में जानकारी लेते हुए मतदान केदो पर मतदाताओं के लिए बेहतर संसाधन उपलब्ध करने के विषय में कई बिंदुओं पर गाइडलाइन दिया गया अन्यथा लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी गई।इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में रैंप मरम्मती/निर्माण लाइटिंग, पंखा,सुलभ शौचालय, स्वच्छ पेयजल समेत सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील मतदान केदो पर मतदाताओं को बेहतर सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया गया है ।इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन,प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद फजीबुर रहमान समेत सभी मतदान केदो के बीएलओ उपस्थित थे।

# वीर कुंवर सिंह जयंती का आयोजन

एस.डी.एस. पब्लिक स्कूल, छपरा में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष की वीर कुँवर सिंह जयन्ती उत्साहपूर्वक मनाई गई ककार्यक्रम का प्रारंभ सभी लोगों के द्वारा वीर कुँवर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके दीप प्रज्वलित करने के साथ हुआ कइस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए संगोष्ठी के अध्यक्ष पूर्व प्राचार्य अरुण कुमार सिंह ने कहा कि भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुँवर सिंह अप्रितम योद्धा तथा कुशल संगठनकर्ता थेक डॉ. राकेश कुमार सिंह ने कहा कि वीर कुँवर सिंह शौर्य, ओज और ऊर्जा के मूर्त रूप थेक जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि वीर कुँवर सिंह से समरसता के प्रतिमान थेक उनका बलिदान अनुकरणीय और अविस्मरणीय है कहम लोगों



को वीर कुँवर सिंह के आदर्शों को अपनाना चाहिएक संगोष्ठी को छपरा भाजपा नगर के महामंत्री विनोद कु सिंहः, जिला अति पिछड़ा मोर्चा के महामंत्री शत्रुघ्न चौधरी,शिक्षक विनय बिहारी श्रीवास्तव, अखिलेश सिंह एवं नरेंद्र सिंह तथा शिक्षिकाओं सुशीला सिंह ,पूजा गुप्ता एवं शबाना खातुन ने भी संबोधित किया कसंगोष्ठी का संचालन रवि भूषण हँसमुख तथा धन्यवाद ज्ञापन आशुतोष पाण्डेय के द्वारा किया गया

# रउवा सबन से आग्रह बा 25 मई के वोट जरूर करी, जिंगल के माध्यम से जिले में गूंजेगी मतदान का संदेश

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम )। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में जिले में शत-प्रतिशत मतदान हो, साथ ही ज्यादा से ज्यादा मतदाता 25 मई को मतदान करें। इसके लिए जिला स्वीप कोषांग द्वारा व्यापक रूप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने बताया कि लोक सभा चुनाव में सभी मतदाता अपने मतदान का प्रयोग करें, इसके लिए जिला स्वीप कोषांग के साथ विभिन्न विभागों के द्वारा विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिन पंचायतों, बूथों पर पिछले चुनाव में कम मतदान हुआ था, वहां पर विशेष रूप से अभियान चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि जिले के सभी मतदाता मतदान के प्रति जागरूक हो, इसके लिए अपि१३२ल्लॅ ल्लॅ ी ( विज्ञापन जिंगल ) के माध्यम मतदान करने की अपील किया जा रहा है। हिंदी और भोजपुरी दोनों भाषाओं में बनाई गई मतदाता जागरूकता जिंगल मतदाताओं को 25 मई को मतदान करने के लिए संदेश देगी। मतदान जिंगल को बसों, रेलवे स्टेशन, नगर निगम की वाहनों के साथ- साथ सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदाता मतदान के लिए जागरूक हो और 25 मई को मतदान करें।

# एनडीए और महागठबंधन के बीच होगा दिलचस्प मुकाबला

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा। महारजगंज लोकसभा सीट पर रोचक मुकाबला होने जा रहा है। 25 मई को इस सीट पर होने वाले चुनाव में दो कद्दावर नेता आमने-सामने होंगे। लोकसभा के इस चुनाव में इस बार महारजगंज लोकसभा सीट पर दिलचस्प मुकाबला देखने को मिल सकता है। इस सीट पर 25 मई को चुनाव होने हैं। खास बात यह है कि इस सीट पर बहुत दिनों बाद कांग्रेस के प्रत्याशी चुनावी मैदान में होंगे। यह दिलचस्प मुकाबला एनडीए और इंडिया महागठबंधन के बीच होने वाला है। इस प्रकार से महारजगंज सीट पर सभी की नजरे बनी हुई है। मालूम हो कि एनडीए ने जहां इस सीट पर पिछले दो बार से भारतीय जनता पार्टी से सांसद रह चुके जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को अपना उम्मीदवार बनाया है वहीं, दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के पुत्र आकाश सिंह को चुनावी मैदान में उतारा है ।लोग कहते है कि अबकी दोनों उम्मीदवारों के बीच ये मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है। एक एनडीए की ओर से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल अपना नामांकन 4 मई को करेंगे तो महागठबंधन की ओर से। नामांकन दाखिला की अभी घोषणा नही की गई है सूत्रों की माने तो दोनों ही उम्मीदवार नामांकन से पहले ही जनता को अपने पक्ष में करने के लगातार जनसम्पर्क अभियान चला रहे है जिसकी चर्चा एकमा के लोगों के जुबानी देखी जा रही है लोग कहते हैं कि महराजगंज में पहली बार चुनावी रण में भाग्य आजमा रहे इंडिया महागठबंधन के तरफ से कांग्रेस के उम्मीदवार आकाश सिंह लगातार जनसम्पर्क कर जनता को अपने पक्ष में लाने के लिये संघर्ष करना होगा जिस प्रकार इस महारजगंज लोकसभा के अंतर्गत आने क्षेत्र में महागठबंधन अपना उम्मीदवार बहुत जद्दोजहद के बाद उतारा है संघर्ष उतना ही कठिन होता दिखाई दे रहा है ।जब कि स्थानीय कांग्रेस नेताओं की माने तो महागठबंधन इस सीट पर अपनी जीत को लेकर आश्वस्त दिख रही हैं। वही कई कद्दावर नेता भी इस रण क्षेत्र में अपनी चुनावी ताल निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ठोकने को तैयार हैं जिनकी घोषणा कभी भी हो सकती है

# आकाश को महागठबंधन का प्रत्याशी बनाए जाने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी

प्रात : किरण संवाददाता

इसुआपर। महाराजगंज लोकसभा सीट से आकाश प्रसाद सिंह को महागठबंधन का कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किए जाने पर कांग्रेस कार्यकताओं में खुशी व्याप्त है। इसके लिए कार्यकताओं ने कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि देर से ही सही शीर्ष नेतृत्व ने सही फैसला लेकर अच्छे प्रत्याशी को मैदान में उतारा है। मालूम हो कि आकाश प्रसाद सिंह कांग्रेस के वरिष्ठ लोकप्रिय नेता सह पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के पुत्र हैं। जिला उपाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने कहा कि आकाश युवा, कर्मठ तथा तेज तर्रार नेता हैं। आकाश की उम्मीदवारी का स्वागत कांग्रेस कार्यकर्ताओं तथा महागठबंधन के कार्यकताओं ने किया है। वहीं प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने कहा कि हम सभी महागठबंधन के कार्यकर्ता उनके साथ है तथा मिल जुल कर मदद करेंगे। जिससे कि उनकी जीत सुनिश्चित हो सके। विनोद कुमार, मैकेनिक प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष राज नारायण शुक्ला, रामदेव चतुर्वेदी समेत पार्टी कार्यकताओं ने खुशी का इजहार किया है।

# शतचंडी महायज्ञ सह दुर्गा मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

मांझी। मांझी प्रखण्ड के नाचाप पंचायत के भजौना गांव स्थित हनुमान मंदिर के प्रांगण में आयोजित पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा शतचंडी महायज्ञ को लेकर मंगलवार को कलश शोभायात्रा व जलभरी यात्रा निकाली गई ।जिसमें सैकड़ों की संख्या में भक्त नर नारी शामिल हुए। कलश शोभा यात्रा यज्ञ मंडप से शुरू होकर सारण के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा महेन्द्रनाथ मंदिर पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना व मंत्रोच्चारणों के विधि-विधान से कमलदाह सरोवर से जलभरी कर विभिन्न ग्रामीण मार्गो से होते पुनः यज्ञस्थल पहुंची। इस दौरान धार्मिक नारों की गुंज से पुरा वातावरण भक्तिमय बना था ।महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में एकमा के पूर्व विधायक



मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह व पत्न ी सीता देबी बैठी थीं ।यज्ञ समिति के मुख्य कार्यकर्ता संदीप कुमार उर्फ मनु सिंह यज्ञाचार्य अरविंद मिश्रा व मंदिर के पुजारी आदित्य मिश्रा ने संयुक्त रूप से बताया कि जलयात्रा के पश्चात पंचाग पूजन,मंडप प्रवेश,जलाधिवास कराया जाएगा तत्पश्चात बुधवार को अरणीमंथन,अन्नाधिवास कराया जाएगा वहीं गुरूवार को महास्नान के पश्चात मूर्ति का नगर भ्रमण होगा और शुक्रवार को पुजा पाठ के बाद प्राण प्रतिष्ठा होगा और शनिवार को हवन के साथ महायज्ञ की पूणार्हूति की जाएगी ।शोभायात्रा को सफल बनाने में गुड्डु सिंह,अमृत राठौर, राजेश सिंह,बिपीन सिंह,चुनमुन सिंह,प्रिंस कुमार,नवलकिशोर सिंह,राहुल राय,बुटन आदि लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# उत्तर पूर्वी रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक का एकमा में हुआ जोरदार स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता




एकमा-पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा सिवान रेल खंड के एकमा स्टेशन पर हावड़ा से काठगोदाम जाने वाली बाघ एक्सप्रेस ट्रेन से कोलकाता से गोरखपुर जाने के क्रम में स्टेशन परिसर में रौशनी फाउंडेशन के सचिव राजू सिंह के नेतृत्व में अनूप सत्यथी का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया । इस दौरान अनूप सत्यथी ने स्वागत मंडली एवं एकमा वासियों को शुभकामना एवं बधाई दिया ।इस दौरान उन्होंने अपना परिचय देते हुए बताया कि मैं अनूप सत्यथी उत्तर पूर्वी रेलवे के प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक के रूप में नियुक्ति गोरखपुर में किया गया हुं । इससे पहले मैं पूर्वी रेलवे हावड़ा के मुख्य परिवहन योजना प्रबंधक के रूप में कार्यरत था । अब मुझे पूर्वोत्तर रेलवे के परिचालन बिग विभाग के मुख्य प्रमुख के पद पर नियुक्त किया गया है। इस दौरान आप लोगों से मिलकर आप सभी का आभारी हूं । मेरी शुभकामना आप लोगों के साथ रहेगी । इस दौरान रौशनी फाउंडेशन के सचिव राजू सिंह समाज सेवी योगेन्द्र शर्मा मुन्ना सिंह फौजी सुधीर सिंह जितेंद्र सिंह सुनील रस्तोगी प्रो शैलेश राय स्वेन्दर सिंह रंजय सिंह जयराम तिवारी आदि लोगों ने उनका स्वागत किया ।इस दौरान उपस्थित लोगों ने पटना जाने के लिए ट्रेन कि भी मांग किया। इस पर उन्होंने लोगों को मांग पर आश्वासन दिया।

## आग लगने से गुमटीनुमा दुकान जला, लाखों की संपत्ति राख

मशरक। मशरक के बंगरा पश्चिम टोला गांव में आग लगने से पलानी और गुमटीनुमा दुकान जलकर राख हो गया। अग्निकांड पीड़ित ध्रुप साह की पलानी और भूसा रखनें की बेड़ी जली है जिसमें गेहूं, सरसों, चौकी, तिरपाल समेत अन्य कई सामान जल गये हैं जिनकी लागत लगभग 70 हजार के करीब है। वही गुमटीनुमा दुकान जो पारस साह की हैं उसमें भी आग लग गई जिसमें दुकान में रखा सारा सामान गुमटी समेत सब राख हो गया।

# पुलिस ने महिला के घर की कुर्की जब्ती



प्रात : किरण संवाददाता

परसा। थाना क्षेत्र के सगुनी गाँव की एक महिला शराब तस्करी करने के मामले वर्षो से फरार चल रही थी ।कोर्ट के वारंट के बाद भी पुलिस की पकड़ से दूर थी। जिसको लेकर कोर्ट के आदेश पर महिला के घर पर विशेष न्याधीश उत्पाद न्यायालय के आदेश पर मंगलवार को थानाध्यक्ष सुनील कुमार के नेतृत्व में अपर थानाध्यक्ष जुली कुमारी पीएसआई दीपक कुमार एसआई शितलाल प्रसाद गुप्ता द्वारा पुलिस बल के साथ कुर्की जप्ती किया गया ।उक्त महिला थाना क्षेत्र सगुनी निवासी लीलावती देवी पति राजेश नट बताई जाती है। पुलिस ने कुर्की में जंगला क्वारी पलंग पतिहाट बर्तन गैस सिलेंडर लोटा बक्सा पेटी सम्मान जप्त कर थाना लाया गया।

# ईडी के डर से भाजपा की बी टीम बनकर काम कर रहे तेजस्वी : जन सुराज

- सेक्युलरिज्म और अल्पसंख्यकों के साथ धोखाधड़ी राजद की फितरत

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। धर्मनिरपेक्षता का ढिंढोरा पीटने वाले और खुद को अल्पसंख्यकों का हिमायती बताने वाले राजद और उसके नेता तेजस्वी यादव की कलई खुल गई है। लगता है ईडी और सीबीआई के डर से तेजस्वी यादव भाजपा से अंदरूनी सांठ-गांठ कर चुके हैं और चालू संसदीय चुनाव में भाजपा की बी टीम के रूप में काम कर रहे हैं। भागलपुर की एक जनसभा में एनडीए को वोट देने की तेजस्वी की खुलेआम अपील इसका खुला प्रमाण है। उक्त बातें आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज,सारण के मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने कही है। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को भागलपुर संसदीय क्षेत्र की एक चुनावी जनसभा में तेजस्वी यादव का यह बयान कि दो धाराओं के बीच लड़ाई में यदि आप इण्डिया गठबंधन को नहीं चाहते हैं तो एनडीए गठबंधन को वोट दीजिए लेकिन किसी तीसरे को वोट नहीं दीजिए। तेजस्वी यादव का यह बयान हालांकि पूर्णिया में निर्दलीय चुनाव लड़ रहे पप्पू यादव के खिलाफ दिया गया है किन्तु इस बयान का राजनीतिक निहितार्थ तो है ही। तेजस्वी का यह बयान उनके हताशा को दशार्ता है। पूर्णिया में निर्दलीय पप्पू यादव ने एनडीए और इण्डिया गठबंधनों के उम्मीदवारों को जबर्दस्त चुनौती खड़ी कर दी है और वहां सभी समीकरण टूटते- बिखरते दिख रहे हैं। राजद प्रत्याशी की संभावित करारी हार से बौखलाए तेजस्वी ने एनडीए के पक्ष में वोट करने की अपील कर न केवल मुस्लिम समुदाय के साथ धोखाधड़ी कर दी है बल्कि सभी सेकुलर मतदाताओं को बेवकूफ बना डाला है। श्री महासेठ ने कहा कि उनकी इस हरकत से यह साबित हो रहा है कि भाजपा के साथ तेजस्वी यादव का अंदरूनी डिलींग हो चुकी है और राजद भाजपा की बी टीम के रूप में काम कर रही है। यह सब ईडी और सीबीआई को मैनेज करने के लिए हुआ है। इतना ही नहीं जिस तरह से हवा हवाई नेताओं को राजद ने टिकट दिया है और को गैर उपयोगी सीटें दी हैं तथा अल्पसंख्यकों को मात्र दो टिकट दिया है उससे भी यह साफ है कि राजद केवल सेक्युलरिज्म का दिखावा कर रही है और भाजपा को वाक्ओभर दे चुकी है। गौरतलब है कि इन सभी राजनीतिक दलों की अविस्वसनीयता और दोहरे चरित्र से बिहार के लोग परेशान है और जनसुराज के साथ तेजी से जुड़ रहे है। इन सभी दलों की दोहरी राजनीत का मुँह तोड़ जवाब बिहार की जनता जनसुराज के माध्यम से आगामी विधानसभा चुनाव में देने के लिये तैयार है।

# चाकू मारकर दुकानदार को किया जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया( मोहन सिंह ) ।मंगलवार को नगर थाना से महज 100 कदम की दूरी पर दुकान से लौट रहे बाइक सवार युवक को चाकू से गोद गोद कर जख्मी कर दिया। गंभीर स्थिति में परिजनों ने जीएमसीएच अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां जीएमसीएच अस्पताल में डाक्टरों ने युवक की स्थिति को नाजुक देखते हुए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया ।बताया जाता है कि युवक बाइक से अपने जंगी मस्जिद बेकरी की दुकान से घर लौट रहा था। तभी नगर थाना से 100 कदम की दूरी पर स्थित



लिबर्टी सिनेमा यतीमखाना के पास पहले से घात लगाए 4 की संख्या में अपराधियों ने युवक को चाकू से गोद गोद कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। अपराधियों ने हाथ, गर्दन एवं पेट में चाकू मारकर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया ।आनन फानन में परिजनों ने युवक को जीएमसीएच अस्पताल लाया। जहां डाक्टरों ने स्थिति को नाजुक देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया ।घायल युवक की पहचान किशुनबाग निवासी मोहम्मद आरिफ का 16 वर्षिय पुत्र आमिर के रूप में की गई है।

# शोक सभा आयोजित कर नम आंखों से दी गई श्रद्धांजलि

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। सारण जिला भाकपा के दिग्गज नेता पूर्व जिला सहायक सचिव कॉमरेड राजेन्द् द्विवेदी के निधन पर श्याम देव नगर छपरा में एक महती शोक सभा का अयोजन किया गया। शोक सभा की अध्यक्षता टाउन कमिटी के सचिव सुरेश वर्मा ने किया और संचालन पार्टी के जिला सचिव रामबाबू सिंह ने किया। शोक सभा की शुरूआत कॉ. द्विवेदी के तेल चित्र पर माल्यार्पण के साथ शुरू हुआ जिसमे कॉ. सुरेन्द्र सौरभ, कॉमरेड चूलहन प्रसाद सिंह, रामबाबू सिंह समेत सैकड़ों कार्यकताओं ने हिस्सा लिया और राजेन्द्र दुवेदी अमर रहे के नारे से वातावरण को गुंजायमान कर दिया गया।

शोक सभा में पार्टी के राज्य नेता कॉम सुरेंद्र सौरभ ने द्विवेदीजी एक निष्ठावान कार्यकर्ता की संज्ञा देते हुए कहा कि वे मजदूरों के राज स्थापित करने के लिए जीवन भर संघर्ष करते रहे। उनकी जीवन यात्रा हमारे लिए अनुकरणीय है। पार्टी के राज्य अनुशासन आयोजन के सदस्य कॉम चूल्हण प्रसाद सिंह ने कहा कि कॉम द्विवेदी पार्टी को जिला भर में पार्टी को विस्तारित करने का संघर्ष सदा याद रखा जाएगा। शोक सभा को वरीय अधिवक्ता सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी, सुग्रीव प्रसाद गुप्ता,जिला सचिव रामबाबू सिंह, रतन प्रकाश सिंह,रमेश ठाकुर, जवाहर मिश्रा, शिव नाथ राय पत्रकार दिलीप वर्मा,भदई राम, मनोज सिंह आदि नेताओ ने संबोधित किया और कॉम द्विवेदी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। ऐसी सभाय मढ़ौरा और बनियापुर में भी आयोजित कर कॉम द्विवेदी को श्रद्धांजलि दी गई।

## देशी पिस्तौल एवं कट्टा के साथ पांच पकड़े गये..

प्रात : किरण संवाददाता

लहलादपुरः किसी गंभीर घटना को अंजाम देने की नियत से योजना बनाते पांच अपराधियों को जनता बाजार थाना की पुलिस ने धर दबोचा. अपराधी स्थानीय थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव स्थित पांचमंदिर के निकट नहर के बांध पर संदिग्ध हालत में योजना बनाते हुए पकड़े गये. पुलिस ने जब उनकी तलाशी ली तो उनके पास से एक देशी पिस्तौल, एक देशी कट्टा, छः जिन्दा कारतूस, चार मोबाइल तथा दो मोटरसाईकिल बरामद हुए. थानाध्यक्ष प्रीति राज के अनुसार पकड़े गये अपराधियों में जनता बाजार थाना क्षेत्र के सेंदुआर गांव निवासी बाबूल सिँह उर्फ रिशांत सिँह, निहाल कुमार एवं प्रियांशु कुमार, दंदासपुर गांव निवासी आर्यन कुमार तथा सिवान जिला के महाराजगंज थाना क्षेत्र के सरेयां गांव निवासी कुंदन कुमार उर्फ सेतुः पांडेय शामिल हैं. प्रियांशु कुमार को छोड़कर शेष चारों अपराधियों पर पूर्व में भी जनता बाजार थाना में अपराधिक मामले दर्ज हैं.

# विजयोत्सव दिवस पर याद किए गए रणबांकुरे वीर कुंवर सिंह.

जलालपुरे प्रखंड के विद्यालयों, व सरकारी कार्यालयो में विजयोत्सव दिवस पर रणबांकूरे वीर कुंवर सिंह को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी गईं मध्य विद्यालय कोपा मध्य विद्यालय सम्होता उ म वि खोरोडीह ,म वि संवरी मठ ,उ म वि जलालपुर ,एस डी एस गर्ल्स प्लस टू में छात्र-छात्राओं को अध्यापकों ने वीर कुंवर सिंह के जीवनी के बारे में बतायो उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगोलापुर मठिया में वीर कुंवर सिंह के तैल चित्र पर छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन कियोमौके पर छात्र-छात्राओं को प्रधानाध्यापक अखिलेश्वर पांडेय ने वीर कुंवर सिंह की वीर गाथा को बतायो उन्होंने कहा कि आज ही के दिन अंतिम लड़ाई में 80 वर्ष की उम्र में वीर कुंवर सिंह ने अंग्रेजों की विशाल सेना का मुकाबला कर विजय प्राप्त की थी मौके पर धीरज तिवारी ,अविनाश तिवारी, राजेश कुमार सिंह, विजय कुमार साह ,सुनील कुमार कुशवाहा, अमृता कुमारी सहित अन्य भी उपस्थित थे

## अनुमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित

पकड़ीदयाल। अनुमंडल सभागार में एसडीओ अविनाश कुमार ने अधिक धूप से चमकी बुखार एवं लू से बचाव को लेकर अनुमंडल स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में एसडीओ अविनाश कुमार ने गर्मी के मौसम में अनुमंडल वासियों को चमकी बुखार एवं लू से बचाव के लिए की गई। आवश्यक तैयारियां की समीक्षा किया। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि चमकी बुखार एवं लू से बचाव के लिए क्या करें और क्या ना करें के बारे में पंचायत में चौपाल लगाकर आमजनों को जागरूक किया जाए। बैठक में अनुमंडल के सभी बीडीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सीडीपीओ, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, पंचायत राज्य पदाधिकारी, जीविका विभाग के अधिकारी आदि शामिल थे।

# नगर पंचायत में प्याऊ की व्यवस्था नदारद, लोग परेशान

प्रात : किरण संवाददाता

मशरक। मशरक नगर पंचायत क्षेत्र में भीषण गर्मी में कहीं भी प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गयी है। इससे बाजार में खरीदारी करने आये हर वर्ग के व्यक्तियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जबकि दिन के सुबह 9 बजे से ही तापमान का पारा चढ़ने लगता है और दोपहर तक चरम स्थिति में पहुंच जाता है। बीते दिनों से नगर पंचायत क्षेत्र में दिन में औसतन 42 डिग्री तापमान रह रहा है। इस माह में शादी-विवाह का सीजन भी जोरों पर है। भीषण गर्मी के इस दौर में पेयजल की महती आवश्यकता है।

प्याऊ के अभाव में लोगों को बाजार से पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही थी। लोगों ने बताया कि बाजार क्षेत्र में चापाकल की बढ़िया व्यवस्था नहीं है ।पिछले वर्ष में प्याऊ की व्यवस्था गर्मी के महीने के शुरू में हुआ लेकिन इस बार गर्मी ने अपने तेवर मार्च माह से ही दिखाने शुरू कर दिए ,जिससे राहगीरों को अब रास्तों में ही प्यास की जरूरत महसूस होने लगी। लेकिन अभी तक बाजार क्षेत्र में प्याऊ नहीं खुला है। इस मामले में चेयरमैन एवं पदाधिकारी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है।

# जिले के स्वास्थ्य केंद्रों में जागरूकता के साथ मनाया गया परिवार नियोजन दिवस

## जनसंख्या पर रोक हेतु परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाना जरूरी

प्रात : किरण संवाददाता

मोतिहारी। जिले के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा जागरूकता के साथ परिवार नियोजन दिवस मनाया गया ।इस दौरान जिले के अनुमण्डलीय अस्पताल ढाका, पकड़ीदयाल, बंजरिया, सुगौली, अरेराज प्रखंड में परिवार नियोजन दिवस का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर अस्पताल में आए महिला लाभार्थियों को बढ़ती जनसंख्या के रोकथाम के उपाय बताते हुए अस्थाई संसाधन का वितरण किया गया। साथ ही प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण एवं परिवार नियोजन के अस्थाई साधन वितरण किए गए।

जिले के डीसीएम नंदन झा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या पर रोक हेतु परिवार नियोजन के स्थायी व अस्थायी साधनों को अपनाना बेहद जरूरी है जो जागरुकता से ही सम्भव है ।उन्होंने बताया की गर्भनिरोधक साधन के इस्तेमाल में नवविवाहितों और युवाओं को समझ के साथ स्थायी व अ स्थायी साधनों को अपनाना होगा।

आशा, आंगनबाड़ी सेविका, जीविका दीदी,व स्वास्थ्य कर्मी निभा रहें है अहम भूमिका।

पीएसआई के डीसी अमित कुमार ने कहा की जिले में समय- समय पर मिशन परिवार विकास अभियान आशा, आंगनबाड़ी सेविका, व स्वास्थ्य कर्मियों के सहयोग से दंपती संपर्क पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि आशा अपने कार्य क्षेत्र में लोगों को सही उम्र में शादी एवं 2 साल के बाद पहला बच्चा, दो बच्चों में कम से कम 3 साल का अंतराल एवं प्रसव के बाद या गर्भपात के बाद परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों पर जोर दें ।सभी स्वास्थ्य कर्मी अपने-अपने क्षेत्र में परिवार नियोजन कार्यक्रम के संबंध में प्रचारित करने एवं इच्छुक लाभार्थियों को कॉपर टी, गर्भनिरोधक सुई एमपीए ( अंतर ) एवं गर्भनिरोधक गोली, कंडोम की सेवा उपलब्ध कराने तथा महिला बंध्याकरण पुरुष नसबंदी हेतु उत्प्रेरित कर संबंधित सरकारी स्वास्थ्य संस्थान पर लाए, बढ़ती जनसंख्या के नियंत्रण के लिए यह आवश्यक है।

## बाबू वीरकुंवर सिंह की 163 वीं जयंती विजयोत्सव के रूप मे मनी

डोरीगंज। गरखा प्रखंड अंतर्गत उत्तर बिहार के सुप्रसिद्ध सूर्य मंदिर कोठियां नरांव परिसर मे अखिल भारतीय क्षत्रिय संघ के तत्वावधान मे बाबू वीरकुंवर सिंह की जयंति विजयोत्सव के रूप मे मनाई गई जिसमे उपस्थित लोगो ने बाबू वीरकुवर सिंह की साहस एवं बलिदान की चर्चा का भूरि भूरि प्रसंसा की ।उन्होने 80 वर्ष की उम्र मे अंग्रेजो के विरुद्ध डटकर साहस का परिचय देते हुए आरा को मुक्त कराया। राजकीय मध्य विद्यालय धनौरा सहित आस पास के कई विद्यालयों मे भी बाबू वीरकुंवर सिंह विजयोत्सव पर्व के रूप मे मनाया गया ।वहीं सदर प्रखंड अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रसलपुरा मे भी बाबू बीरकुंअर सिंह की जयंती मनाई गई इस अवसर पर सदर जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह20सुत्री अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह,पैक्स अध्यक्ष चिरांद विश्वजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक व छात्रों द्वारा श्री सिंह के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला।

## छपरा हनुमान मंदिर में स्थापना के लिए आठ क्विंटल वजनी प्रतिमा भेजी



जलालपुर। प्रखंड के जुरन छपरा गांव निवासी व दिल्ली पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद से सेवानिवृत सर्वजीत सिंह ने छपरा स्टेशन के पास निर्मित हनुमान मंदिर में स्थापना के लिए हनुमान जी की प्रतिमा भेजी है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि आठ क्विंटल वजन के लाल पत्थर की यह प्रतिमा जयपुर से ट्रक के द्वारा भेजी गई जिसे विहिप नेता राहुल मेहता ने प्राप्त किया। बताते चले कि सर्वजीत सिंह अब तक सारण जिले के लगभग दो दर्जन से अधिक मंदिरों में स्थापित करने के लिए विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमा भेज चुके हैं।

# इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार घोषित होते ही घटक दलों के नेताओं ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

सुगौलीः लोकसभा चुनाव का समय जैसे करीब होता जा रहा है वही प्रत्याशियों भी चुनाव को लेकर ज्यादा सक्रिय होते दिख रहे है। बीते दिन इंडिया गठबंधन के कांग्रेस के प्रत्याशी मदन मोहन तिवारी प्रत्याशी घोषित होते ही सुगौली कांग्रेस आश्रम पर मंगलवार को राजद कांग्रेस सभी महागठबंधन के नेताओं को आम बैठक का दौर शुरू हुआ। जिसमे सभी नेताओ ने चुनाव को लेकर अपने अपने विचार व्यक्त किए। वही बीते कई दिनों से सभी कार्यकर्ता इस बात को लेकर उधेड़नबीन में लगे हुए थे की बेतिया लोकसभा का प्रत्याशी कौन बनेगा वही कई नामों के चर्चा के बाद बीती रात कांग्रेस के आलाकमान के घोषणा के बाद इस चर्चा पर विराम लगा गया है। वही मंगलवार को सभी घटक दल के नेताओ ने जनसंपर्क और वोट रणनीति को लेकर चर्चा हुई। जिसमे कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार झा ने कहा की इस बार देश से झठ की सरकार की विदाई तय है जनता वादा खेलाफी बेरोजगारी और बोल बच्चन से तंग आ चुकी है। वही सुगौली राजद के प्रखंड अध्यक्ष ताराचंद यादव ने कहा की इस बार रोजगार और बेरोजगार की लड़ाई है हमारी सरकार रोजगार देगी और जुमला की सरकार सिर्फ जुमले ही देगी। रामनरेश सिंह ने कहा की मदन मोहन तिवारी इस बार बेतिया लोकसभा से जीत का सेहरा बांध कर जायेंगे। वही राधेश्याम शर्मा ने कहा की इसबार जनता भाजपा से ऊब गई है और बेतिया लोकसभा परिवारवाद सीट से जनता को छुटकारा मिलेगा। मौके पर दीपु मिश्रा अजय यादव तूफान मिया लाल बाबू उर्फ बच्चू शंकर साह अमित कुमार विनय कुमार सोनू जिया लाल सहित अन्य लोग मौजूद थे।

